हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
9 मई 2024, समय 1305

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पद्म पुरस्कार – देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। इसमें तीन श्रेणियों में – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान प्रदान किये जाते हैं।

काबिले गौर है कि पिछले महीने 22 अप्रैल को राष्ट्रपति ने तीन पद्म विभूषण, आठ पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये थे।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और शौर्य का प्रतीक है, जो हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

....

हरियाणा में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती मनाई जा रही है।

इस उपलक्ष्य में आज भिवानी के महाराणा प्रताप चौक पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शिरकत की और महाराणा प्रताप पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर श्री तंवर ने युवाओं से सर्व समाज की भलाई के लिए काम करने और नशों से दूर रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि यही उनकी महाराणा प्रताप को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पलवल के महाराणा प्रताप भवन में भी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं बीजेपी नेता डॉ. हरेंद्रपाल राणा ने युवाओं से मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन अर्पित करने वाले महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित में काम करने का आहवान किया।

पानीपत जिले की सेक्टर 6 स्थित राजपूत धर्मशाला में भी आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

....

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 23 उम्मीदवार में से सात मई को हुई छंटनी के बाद 17 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। 23 उम्मीदवारों ने कुल 30 नामांकन पत्र भरे थे ।

आज बाद दोपहर तीन बजे तक नाम वापिस लिए जा सकते हैं। भिवानी के जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि जिन उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है उनमें कांग्रेस से राव दान सिंह, भारतीय जनता पार्टी से धर्मबीर, जननायक जनता पार्टी से बहादुर सिंह, बहुजन समाज पार्टी से सुनील कुमार शर्मा, भारतीय जवान किसान पार्टी से आनंद कुमार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से श्री बलवान तथा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से भारत भूषण शामिल हैं। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से रोहतास, बहुजन मुक्ति पार्टी से वर्षा, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से सुभाष के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार जगदीश, जयसिंह, इंजीनियर महावीर सिंह यादव, योगबीर सिंह, वेद प्रकाश, सीमा व हेमंत के नामांकन पत्र भी सही पाए गए हैं।

....

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज कुरूक्षेत्र के परशुराम चौक से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता जय भगवान शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

शोभायात्रा में विभिन्न ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान परशुराम से संबंधित झांकियां भी निकाली गई।

शोभायात्रा विभिन्न स्थानों से होती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पर संपन्न हुई जहां भंडारा भी लगाया गया।

....

भिवानी में अखिल भारतीय किसान सभा ने महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की 68वीं पुण्यतिथि पर कल शहर के घंटाघर चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पंडित नेकीराम शर्मा ने ऐनीबेसेंट व बालगंगाधर तिलक के साथ स्वराज आंदोलन में शामिल होकर गिरफ्तारी दी थी। वे स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान 9 बार जेल गए तथा 2200 दिन तक जेल में रहे। उन्हें 250 दिन के कारावास की सजा भी हुई।

पंडित नेकीराम शर्मा ने हांसी तहसील के किसानों का शोषण करने वाले अंग्रेज जागीरदार के विरुद्ध किसान आंदोलन लडक़र 20 गांव के मुजारे किसानों को जमीन का हक दिलवाया था,

इसके लिए अलखपुरा गांव के चौधरी लाजपत राय के साथ मिलकर 9 जनवरी 1929 में हिसार जिले में किसान सभा का गठन किया था।

....